# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 06.06.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना नेता चुनने का प्रस्ताव पारित किया।
- आई एन डी आई गठबंधन की नई दिल्ली में बैठक हुई।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सत्रहवीं लोकसभा को भंग किया। प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रिपरिषद से नई सरकार बनने तक पद पर बने रहने को कहा।
- अटठारहवीं लोकसभा के गठन के लिए द्वीपसमूह से निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बिष्णु पद रे ने कहा कि वे द्वीपों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करते रहेंगे।
- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के नेताओं ने कल सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुना। नई दिल्ली में एनडीए के नेताओं की बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के दौरान पिछले दस वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह लगातार तीसरी सरकार के लिए ऐतिहासिक जनादेश है। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए की सरकार देश के बेहतर विकास की दिशा में काम करती रहेगी। बैठक में, एनडीए के सहयोगियों ने कहा कि श्री मोदी के पास विकसित भारत के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण है। एनडीए के नेताओं ने दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने में प्रधानमंत्री की भूमिका की भी सराहना की। इसके अलावा, गरीबी उन्मूलन की दिशा में प्रधानमंत्री के प्रयासों की भी एनडीए के नेताओं ने प्रशंसा की। एनडीए की यह बैठक नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और अमित शाह शामिल हुए।

<><><><><><><>

आई एन डी आई ए गठबंधन के सहयोगियों ने केन्द्र में सरकार बनाने की रणनीति तय करने के लिए कल नई दिल्ली में बैठक की। यह बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के सरकारी आवास पर हुई। बैठक के दौरान श्री खरगे ने कहा कि जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ गया है। उन्होंने कहा कि यह श्री मोदी के लिए भारी राजनीतिक क्षति और नैतिक हार है। श्री खरगे ने कहा कि आई एन डी आई ए गठबंधन संविधान की प्रस्तावना में निहित मूल्यों के प्रति समर्पित सभी दलों का स्वागत करता है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता डी. राजा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख, शरद पवार, डीएमके प्रमुख एम.के. स्टालिन, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा की कल्पना सोरेन और झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शामिल हुए।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सत्रहवीं लोकसभा भंग कर दी है। कल केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने दोपहर बाद हुई बैठक में राष्ट्रपति को सत्रहवीं लोकसभा तुरंत प्रभाव से भंग करने की सलाह दी थी। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और केंद्रीय मंत्रिपरिषद को अपना इस्तीफा सौंप दिया। राष्ट्रपति ने इसे स्वीकार कर लिया है। उन्होंने नई सरकार बनने तक प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रिपरिषद से पद पर बने रहने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री ने कल उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात की।

<><><><><><><>

अटठारहवीं लोकसभा के गठन के लिए द्वीपसमूह से निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बिष्णु पद रे ने कहा कि वे द्वीपों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करते रहेंगे। आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष भेंट में उन्होंने सभी मतदाताओं, पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके सहयोग के बिना ये संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि जनता ने जो विश्वास उन पर जताया है और उन्हें विजयी बनाया है, वे उनके इस विश्वास को कायम रखते हुए जनता के हित के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि द्वीपवासियों को अपनी भूमि का स्वामित्व प्राप्त हो इसके लिए वे प्रयास करेंगे। इसके अलावा स्थानीय लोगों को हर क्षेत्र में प्राथमिकता मिले इसके लिए भी वे प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सड़क जैसे मूलभूत सुविधाओं के अलावा अनिशि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में वे काम करेंगे। उन्होंने बुद्धिजीवियों और समान विचारधारा के लोगों से पार्टी से जुड़कर द्वीपसमूह और देश के विकास में अपना योगदान देने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

इस बीच, भाजपा के राज्य सचिव के परमाशिवम ने लोकसभा चुनाव जीतने पर श्री बिष्णु पद रे को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में द्वीपसमूह के विकास को काफी बल मिलेगा और कई परियोजनाओं के साथ द्वीपवासियों की इच्छाओं की पूर्ति होगी।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए उम्मीदवार चौबीस जून तक कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते है। विवरणिका और अन्य जानकारियां इसी पोर्टल पर उपलब्ध है।

उधर, अंडमान कॉलेज में डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए उम्मीदवार तीन जुलाई तक कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

इस बीच, एनकॉल में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ईवन सेमीस्टर की परीक्षाएं कल से आरंभ होगी। विद्यार्थियों से संबंधित विभागाध्यक्षों से परीक्षा से पहले हॉल टिकट प्राप्त करने को कहा गया है। परीक्षा में आते समय कॉलेज आई डी कार्ड साथ रखने होंगे।

<><><><><><><>

डाईट गाराचरामा में दो वर्षीय डी.एल.एड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए है। सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से उम्मीदवार बाईस जून की शाम पांच बजे तक आवेदन कर सकते हैं। तेईस से उनतीस जून तक आवेदन पत्रों की जांच की जाएगी। एक जुलाई को दिन में ग्यारह बजे अस्थाई सूची प्रकाशित कर दी जाएगी।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की ओर से कल टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में विश्व पर्यावरण दिवस का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव केशव चन्द्र मुख्य अतिथि और पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव सम्माननीय अतिथि थे। मुख्य सचिव ने बच्चों के बीच

जागरूकता पैदा करने के लिए भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के क्षेत्रीय केन्द्र के प्रयासों की सराहना की। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण भावी पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण है। भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के प्रभारी अधिकारी सी सिवापेरूमन ने भी विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्रों अभिभावकों और विभागीय कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं में प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया।

<><><><><><><>

एम.वी. स्वराजद्वीप आज पोर्ट ब्लेयर से चेन्नई जाएगा। जहाज़ सुबह नौ बजे हैडों जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

उधर, एम.वी भारत सीमा की आज पोर्ट ब्लेयर से लिटिल अंडमान होकर कार निकोबार यात्रा और कल इसकी कार निकोबार से पोर्ट ब्लेयर यात्रा को प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। अब ये जलयान कल सुबह सात बजे हैडो जेट्टी से लिटिल अंडमान होते हुए कार निकोबार जाएगा और आठ जून को शाम चार बजे कार निकोबार से लिटिल अंडमान होते हुए इसकी वापसी होगी।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की महिला सहायता नम्बर एक आठ एक की ओर से कल आयुष्मान भारत योजना तथा महिला और बाल विकास नियंत्रण कक्ष पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने और हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया। महिला हेल्पलाईन की प्रशासक सुष्मा पांडे ने बताया कि वी. आई.पी रोड स्थित समाज कल्याण बोर्ड में महिला और बाल विकास नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे कार्यरत है। मिशन शक्ति योजना के तहत हिंसा की शिकार महिलाओं को आपातकालीन सहायता पहुंचाने के अलावा उन्हें अन्य ज़रूरी सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं। इस अवसर पर कई अन्य लोगों ने अपने विचार रखे। पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य, आम जनता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वंय सहायता समूह के सदस्य तथा महिला और बाल सहायता नम्बर के कर्मियों ने भी वेबीनार में हिस्सा लिया।

<><><><><><><>